पंजाब केसरी 21/09/2025

# छात्रा खुशी ने राज्यस्तरीय दोहा/चौपाई गायन प्रतियोगिता में हासिल किया प्रथम स्थान

अम्बाला, 20 सितम्बर (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कॉलेज में एम.कॉम प्रथम वर्ष की छात्रा खुशी ने शनिवार को मारकण्डेय नैशनल कॉलेज, शाहाबाद में आयोजित राज्यस्तरीय अंतर्महाविद्यालय दोहा/चौपाई गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने कॉलेज का नाम रोशन किया।

इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने खुशी को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे महाविद्यालय और हिन्दी विभाग के लिए गौरव का क्षण है। ऐसे प्रयास विद्यार्थियों में शैक्षणिक और सांस्कृतिक क्षमताओं के विकास को प्रोत्साहित करते हैं।

हिन्दी विभाग की विभाग ाध्यक्ष डॉ. रितु गुप्ता और विभाग के अन्य सदस्य डॉ. राजिंदर देसवाल और डॉ. अनीश कुमार ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है और हिन्दी भाषा एवं संस्कृति के संवर्धन में महत्वपूर्ण योगदान है।